# Shri Varshney College, Aligarh

Prof. Pankaj Kumar Varshney
Principal
Mobile No.: 9412766285

Grade B+ Accredited by NAAC
कार्यालय नं0: 0571–2404414
e-mail: svcaligarh13@gmail.com

दिनांकः 15–01–2026

## अति आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने सत्र 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया है, वे अपनी बायोमैट्रिक (अंगूठा निशानी) दिनांक 17–01–2026 को समय सांय 05:00 बजे तक आवश्यक रूप से करा लें।

आपको महाविद्यालय द्वारा समय–समय पर निरन्तर महाविद्यालय के सूचना पट पर नोटिस चस्पा करके तथा फोन द्वारा सूचित किया जा रहा है, महाविद्यालय की वेबसाइट पर भी यह सूचना इंगित है। परन्तु आपके द्वारा बायोमैट्रिक न होने के कारण लम्बित आवेदन पत्रों की संख्या पोर्टल पर दर्शायी जा रही है, जिसके कारण समाज कल्याण विभाग उ०प्र० शासन एवं कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ द्वारा श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ की ऐसी स्थिति पर निरन्तर असंतोष व्यक्त किया जा रहा है।

अतः इस स्थिति में छूटे हुए अभ्यर्थियों को अन्तिम अवसर के रूप में दिनांक 17–01–2026 समय सांय 05:00 बजे तक फार्म जमा करने का समय तथा बायोमैट्रिक (अंगूठा निशानी) हेतु दिया जा रहा है। इसके पश्चात लम्बित फार्मों को निरस्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु शासन को भेज दिया जायेगा।

अतः उक्त कार्य को समयबद्धता से पूर्ण करें। अन्यथा कि स्थिति में सम्पूर्ण उत्तर दायित्व स्वंय अभ्यर्थी का होगा।

15-1-26

प्राचार्य

प्रतिलिपिः–

1. नोडल अधिकारी, दशमोत्तर छात्रवृत्ति, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़।
2. सम्बन्धित पटल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त लम्बित फार्मों को निर्धारित समय के पश्चात निरस्त कर अग्रसारित करने के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें।